CBSE Class 12 Hindi Core 2007 - Set 2/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 20 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

Questions

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

पत्तियों ने क्या किया ?

संख्या के बल पर बस डालों को छाप लिया,

संख्या के बल पर ही चल-चपल रही हैं,

हवाओं के बल पर ही मचल रही हैं;

लेकिन हम अपने से खुले, खिले, फूले हैं —

रंग लिए, रस लिए, पराग लिए —

हमारी यश-गंध दूर-दूर-दूर फैली है,

भ्रमरों ने आकर हमारे गुन गाए हैं,

हम पर बौराए हैं।

OR

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

आज पहली बार -

थकी शीतल हवा में

शीश मेरा उठा कर,

चुपचाप अपनी गोद में रक्खा,

और जलते हुए मस्तक पर

काँपता-सा हाथ रख कर कहा :

"सुनो, मैं भी पराजित हूँ।"

2(क). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए :

अवधि गई अअजूँ नहिं आए, कतहुँ रहे चित चोर।।

कबहूँ नैन निरख नहिं देखे, मारग चितवत तोर।।

दादू ऐसे आतुर बिरहणि, जैसे चांद चकोर।।

2(ख). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए :

आज तुम राजकुँअर,

समर सरताज।

मुक्त हो सदा ही तुम,

बाधा-विहीन-बंध छंद ज्यों,

डूबे आनंद में सच्चिदानंद-रूप।

2(ग). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए :

वायु तुम्हारी उज्ज्वल गाथा

सूर्य तुम्हारा रथ है,

बीहड़ काँटों भरा कीचमय

एक तुम्हारा पथ है।

यह शासन, यह कला, तपस्या

तुझे कभी मत भूलें।

3(क). किन्हीं दो प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

'स्मृतियाँ' कविता के आधार पर प्राचीन भारतीय नारी के आदर्शों का उल्लेख कीजिए।

3(ख). किन्हीं दो प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

'वीरांगना' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि नारी की तुलना लोहे से क्यों की गई है।

3(ग). किन्हीं दो प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

'आदमी का अनुपात' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

4(क). निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हमें कभी अपने समाज की कुरीतियाँ, अपने सत्ताधारी नेताओं की स्वार्थलिप्साओं को अपने देश-प्रेम से गडमड नहीं करना चाहिए। मेरे लिए, मेरा देश मेरे राजनीतिक सैद्धांतिक आग्रहों से कहीं ऊपर है .... या होना चाहिए। गांधीजी से बड़ा भारत-प्रेमी कौन हो सकता था, लेकिन वह भारतीय समाज के सबसे बड़े आलोचक थी थे — क्योंकि जो व्यक्ति हृदय से अपने देश से प्यार करता है, उसे ही आलोचना करने का अधिकार भी प्राप्त होता है।

लेखक देश की आलोचना का अधिकार किसे देना चाहता है और क्यों ?

4(ख). आशय स्पष्ट कीजिए — "मेरे लिए मेरा देश मेरे राजनीतिक, सैद्धांतिक आग्रहों से कहीं ऊपर है।"

4(ग). देश-प्रेम में कौन-से तत्त्व बाधक हैं और क्यों ?

OR

4(क). निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिस प्रकार वनों का वृक्षों से, नदियों का जल से सम्बन्ध है, उसी प्रकार नदियों का वनों से भी सम्बन्ध मानना चाहिए। वनों के रहते नदियाँ स्वयं फूट पड़ती है, प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी। नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति विच्छिन्न हो जाएगी। हमारा जीवन-स्रोत ही सूख जाएगा।

"वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी" - कथन को स्पष्ट कीजिए।

4(ख). निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिस प्रकार वनों का वृक्षों से, नदियों का जल से सम्बन्ध है, उसी प्रकार नदियों का वनों से भी सम्बन्ध मानना चाहिए। वनों के रहते नदियाँ स्वयं फूट पड़ती है, प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी। नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति विच्छिन्न हो जाएगी। हमारा जीवन-स्रोत ही सूख जाएगा।

नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति कैसे विच्छिन्न हो सकती है ?

4(ग). निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिस प्रकार वनों का वृक्षों से, नदियों का जल से सम्बन्ध है, उसी प्रकार नदियों का वनों से भी सम्बन्ध मानना चाहिए। वनों के रहते नदियाँ स्वयं फूट पड़ती है, प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी। नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति विच्छिन्न हो जाएगी। हमारा जीवन-स्रोत ही सूख जाएगा।

वनों और नदियों को बनाए रखने के लिए आप क्या-क्या उपाय आवश्यक समझते हैं ?

5(क). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'यह देश एक है' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'भाषा की दीवार' से क्या तात्पर्य है। वह किनके बीच है और कैसे टूट सकती है ?

5(ख). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'नीलू' के स्वभाव की तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5(ग). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'चित्र' पाठ के आधार पर बताइए कि कलाकार की कल्पना में आए मिलर मोर का चित्र ही क्यों बनवाना चाहते थे।

5(घ). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

टूँठ और हरे-भरे वृक्ष को देखकर लेखक किस निष्कर्ष पर पहुँचा ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

6(क). 'विविधा' भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

थाथवली गाँव की उस महिला का पहला नाम भुलाकर लोग उसे 'अरुमुगम की माँ' के नाम से क्यों जानने लगे ?

6(ख). 'विविधा' भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

विष्णु दिगंबर पलुस्कर के गायन की विशेषता पर प्रकाश डालिए।

6(ग). 'विविधा' भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

छावनी का पानी बंद करने का नोटिस क्यों देना पड़ा ? इससे टंडन जी के स्वभाव की कौनसी विशेषता झलकती है ?

6(घ). 'विविधा' भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'मूँगा गूँगा' गाँव छोड़कर क्यों चला गया ?

7. रवींद्रनाथ ठाकुर ने भगिनी निवेदिता की सेवा को 'दिल की सेवा' क्यों कहा ? — पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

OR

7. 'सत्यकिरण' एकांकी के सभी पात्र अपने ऊपर किरण का प्रयोग करने से क्यों कतरा रहे थे ?

8(क). 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

लोचन सिंह कौन था ? वह देवीसिंह से नाराज़ होकर क्यों चला गया ?

8(ख). 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दांगी कन्या कुमुद के बारे में दुर्गा का अवतार होने की बात क्यों फैली ?

8(ग). 'विराटा की पद्मिनी' के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दलीपनगर और कालपी की टुकड़ियों में झड़प क्यों हुई ?

9. कुंजर सिंह के चरित्र की चार प्रमुख विशेषताओं का प्रकाश डालिए।

OR

9. 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

10. रेखांकित पदों का व्याकरणिक परिचय दीजिए :

उसने <u>कबूतर</u> का <u>चित्र</u> बना दिया।

11(क). निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए :

जो भी तुम पिलाओ। (कर्मवाच्य में)

11(ख). निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए :

शत्रु को रास्ते से हटा दिया गया। (कर्तृवाच्य में)

11(ग). निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए :

वह हँसा नहीं। (भाववाच्य में)

12(क). किन्हीं दो पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

रिश्ते-नाते, जलप्रदूषण, नीलकमल।

12(ख). किन्हीं दो पद-समूह से समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए :

शक्ति के अनुसार, घरों में चलते हैं जो उद्योग, नाच का गाना।

13(क). निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

हम हमारी ज़मीन को पहचानें।

13(ख). निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

स्वाति, चित्रा और नीलिमा खेल रहे हैं।

13(ग). निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

सप्रसंग सहित व्याख्या कर सकते हो ?

14(क). निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

सर्दियों में लूसी ने दो बच्चों को जन्म देकर अपनी वंश-वृद्धि की। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

14(ख). निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

भाषा-भेद की यह समस्या हमारी राष्ट्रीय एकता में सबसे बड़ी बाधा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

14(ग). निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

क्या हमारी-तुम्हारी तरह इनमें जड़ें नहीं होतीं ? (अर्थ के अनुसार वाक्य-भेद लिखिए)

14(घ). निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

हमारे सामने उसका मुँह कैसे खुलेगा ? (निषेधार्थक वाक्य में बदलिए)

15(क). वाक्य-विश्लेषण कीजिए :

मैं अपना देश कभी नहीं छोड़ूँगा।

15(ख). एक संयुक्त वाक्य में संश्लेषण कीजिए :

यूनानियों ने पंजाब पर हमला किया।

उसे कंधार से मिलाया।

उनकी कोशिश बेकार हुई।

16(क). निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :

आँच न आने देना

16(ख). निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :

दाल न गलना

16(ग). निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :

दूर के ढोल सुहावने

16(घ). निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :

ढाक के तीन पात

17(क). निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी सांस्कृतिक धरोहर होती है जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है। मानव युग-युग से अपने जीवन को अधिक सुखमय, उपयोगी, शांतिमय और आनंदपूर्ण बनाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रयास का आधार वह सांस्कृतिक धरोहर होती है जो प्रत्येक मानव को विरासत के रूप में मिलती है और इस प्रयास के फलस्वरूप मानव अपना विकास करता है। यह विकास सांस्कृतिक आधार के बिना संभव नहीं है। सभ्यता और संस्कृति दो अलग-अलग चीज़ें हैं। यद्यपि दोनों में गहरा रिश्ता है किन्तु संस्कृति मनुष्य को श्रेष्ठ और उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम है और सभ्यता उन साधनाओं के फलस्वरूप उपलब्ध हुई जीवन प्रणाली का नाम है। सभ्यता के अंतर में बहने वाली विचारधारा को हम संस्कृति कहते हैं जिसमें युगों से मानव-विकास के बीज विद्यमान हैं। किसी राष्ट्र का मूल्यांकन हम उसकी संस्कृति के आधार पर भी कर सकते हैं।

'सांस्कृतिक धरोहर' से क्या अभिप्राय है ?

17(ख). जीवन को सुखी बनाने का प्रयास मूलतः किस पर निर्भर होता है ?

17(ग). संस्कृति और सभ्यता में क्या अंतर है ?

17(घ). आप कैसे कह सकते हैं कि संस्कृति में मनुष्य के विकास के बीज विद्यमान होते हैं ?

17(ङ). संस्कृति के आधार पर किसी राष्ट्र का मूल्यांकन कैसे किया जा सकता है ?

18(क). निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बहुत दिनों से आज मिली है साँझ अकेली, साथ नहीं हो तुम !

पेड़ खड़े फैलाए बाँहें

लौट रहे घर को चरवाहे

यह गोधूली ! साथ नहीं हो तुम।

कुल-बुल, कुल-बुल नीड़-नीड़ में

चह-चह, चह-चह भीड़-भीड़ में

धुन अलबेली, साथ नहीं हो तुम।

ऊँचे स्वर से गाते निर्झर

उमड़ी धारा, जैसी मुझ पर —

बीती, झेली, साथ नहीं हो तुम।

'तुम' कौन है जिसके साथ न होने से साँझ सूनी लग रही है ?

18(ख). 'गोधूलि' के समय कैसा दृश्य है ?

18(ग). अलबेली धुन से क्या आशय है ? यह धुन किसकी है ?

18(घ). झरनों के शोर के बीच कवि पर क्या बीती ?

18(ङ). आशय स्पष्ट कीजिए — "पेड़ खड़े बाँहें फैलाए।"

19. आपको समाचार-पत्र से ज्ञात हुआ कि राजस्थान शिक्षा-बोर्ड अपनी पाठ्य-पुस्तकें बदलने जा रहा है। बोर्ड के निदेशक को पत्र लिखकर बताइए कि आपके विचार से माध्यमिक कक्षाओं की हिन्दी की पुस्तकें कैसी हों और उनमें किन बातों का समावेश होना चाहिए।

OR

19. सिक्किम-निवासी ईशा देउपा की ओर से उसकी सहेली सजीली को पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए कि उसने दशहरे के अवकाश में उसे अपने शहर बुलाकर वहाँ की सैर कराई। देखे हुए कुछ स्थानों का भी उल्लेख करें।

20(क). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

विश्व में बढ़ता आतंकवाद

20(ख). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

भारत : एक उभरती विश्व-शक्ति

20(ग). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

प्राकृतिक आपदाएँ

20(घ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

बदलते सांस्कृतिक मूल्य

20(ङ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

क्या नहीं कर सकती नारी

- End of Question Paper -